# जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

## कार्यवाही विवरण

भवन मानचित्र समिति (ले–आउट–प्लान) की 178वीं बैठक दिनांक 26.07.2012 को आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में **"चिन्तन"** कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

---

**बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया।**

1. श्रीमती शुचि शर्मा, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री जे.वी.जाखड़, निदेशक (नगर आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
3. श्री अनिल पथरिया अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक बी.पी.सी.एवं सदस्य सचिव, जविप्रा,जयपुर।

**बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित थे–**

1. श्री दिनेश कुमार पवांर उपायुक्त जोन–4, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री नारायण लाल शर्मा सहायक नगर नियोजक जोन–4, जविप्रा, जयपुर।
3. श्री नीरज तिवाडी,वरिष्ठ नगर नियोजक (I), जविप्रा, जयपुर।
4. श्री प्रेम शंकर, वरिष्ठ नगर नियोजक (III), जविप्रा, जयपुर।
5. श्रीमती ऊषा जैन पी.आर.ओ. जविप्रा, जयपुर।

---

**एजेण्डा विवरण:–**
**एजेण्डा संख्या :–1**
**178/26.07.2012 (जोन–4)**

विषय:–मुक्तानंद नगर योजना नवजीवन गृ0नि0स0 समिति ग्राम मानपुरा देवरी के भूखण्ड संख्या 221 एवं 270 को अनुमोदित करने बाबत्।

प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया, विचार–विमर्श पश्चात निम्न–निर्णय लिए गये :–

1. जोन स्तरीय समिति द्वारा लिए गये निर्णय को दृष्टिगत रखते हुए पी.टी.सर्वे के अनुसार भूखण्ड संख्या 270 में से लगभग 53.23 व.ग. भूमि 80'–0" सेक्टर रोड़ के अन्तर्गत नि:शुल्क समर्पित करवायी जावे, जिसका डिमॉर्केशन मौके पर करवाये जाकर भूखण्ड संख्या 270 व 221 को अनुमोदित किया जावे।
2. भूखण्ड संख्या 270 में उपरोक्तानुसार भूमि समर्पित किये जाने के पश्चात् सैटबेक निर्धारित किये जाने के पश्चात् निर्मित क्षेत्रफल प्राप्त नही होगा, अतः सैद्धान्तिक रूप से भूखण्ड संख्या 221 व 270 को पुर्नगठित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। जोन स्तर पर विधिवत् प्रकिया अपनाते हुए पुर्नगठन की किया सम्पादित की जावे।

एजेण्डा संख्या :–2
178/26.07.2012 (जोन–4)

विषयः–मुक्तानंद नगर योजना नवजीवन गृ0नि0स0 समिति ग्राम मानपुरा देवरी के भूखण्ड संख्या 274 को अनुमोदित करने बाबत्

प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया, विचार–विमर्श पश्चात निम्न–निर्णय लिए गये :–

1. पी.टी.सर्वे के अनुसार भूखण्ड संख्या 274 में से आवश्यक भूमि निःशुल्क समर्पित करवाई जावे।
2. प्रश्नगत भूखण्ड का नियमन पूर्व के प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए नियमन दर आवासीय आरक्षित दर की 25 प्रतिशत के हिसाब से निर्धारित कर ली जावे।

एजेण्डा संख्या :–3
178/26.07.2012 (जोन–4)

विषयः–छत्रपति शिवाजी गृ0नि0स0 समिति की योजना नंद विहार के भूखण्ड संख्या 15 व 19 को अनुमोदित किये जाने बाबत्।

प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया, विचार–विमर्श किया गया। बी.पी.सी (एल.पी) की बैठक दिनांक 5.07.2011 में भूखण्ड संख्या 6, 14, 15, 19, 20 में संशोधन कर नियमन का प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। जिसमें निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या 15 व 19 को गैर अनुमोदित रखते हुए शेष भाग का मौके की स्थिति के अनुसार संशोधन किया जावे।

जोन द्वारा किये गये मौका निरीक्षण अनुसार वर्तमान मे भूखण्ड संख्या 15 व 19 में कोई सड़क विघमान नहीं है। भूखण्ड संख्या 15 में भवन निर्मित है, तथा भूखण्ड संख्या 19 पर कम्पाउंड वॉल वनी हुई है। अतः निर्णय लिया गया कि बी.पी.सी (एल.पी) बैठक दिनांक 05.07.2011 के अनुसरण में अनुमोदित योजना मानचित्र में भूखण्ड संख्या 15 व 19 को गैर अनुमोदित रखा गया था, उन भूखण्ड संख्या 15 व 19 को अनुमोदित किया जावे तथा योजना मानचित्र में आवश्यक संशोधन भी किया जावे।

**अध्यक्ष महोदय की अनुमती से निम्न अतिरिक्त एजेंण्डो पर भी विचार किया गया।**

अतिरिक्त एजेण्डा संख्या :–1
178/26.07.2012 (जोन–9)

विषयः–प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल) भारत कार्पोरेशन लि. सांगानेर जयपुर द्वारा ख.नं. 106/3 ग्राम रामनगरिया, तहसील सांगानेर जयपुर पर पेट्रोल पम्प स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रगाण पत्र हेतु।

प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया, विचार–विमर्श पश्चात निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में उपायुक्त जोन के स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जावे। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि समान प्रकृति के अन्य प्रकरणो में, जो विभिन्न जोनो में विचाराधीन है उन में नियमों व उपनियमों के अर्न्तगत जोन स्तर पर ही परीक्षण किया जावे एवं विनियमानुसार पाये जाने पर भविष्य में जोन स्तर से ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित की जावे।

**बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।**

30.7.2012

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति
(ले–आउट प्लान)
जविप्रा,जयपुर।

क्रमांक :– जविप्रा/सदस्य सचिव बीपीसी (एलपी)/बीपीसी/2012/डी– 468
दिनांक:– 30/7/12

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक नगर आयोजना जविप्रा, जयपुर।
4. अति0 आयुक्त (पूर्व)/(पश्चिम)/(एलपीसी)/(भूमि), जयपुर।
5. अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक (एमपी) जविप्रा जयपुर।
6. उपायुक्त जोन......जविप्रा, जयपुर।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
8. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा, जयपुर। विशेषाधिकारी, जनसम्पर्क, जविप्रा, जयपुर।
9. लेखाधिकारी (भूगतान), जविप्रा, जयपुर।
10. उप रजिस्टार (सहकारिता), जविप्रा, जयपुर।

30.7.2012

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति
(ले–आउट प्लान)
जविप्रा,जयपुर।